# राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

**निगरानी संख्या–2186 / 2015 / नागौर**

राजस्थान सरकार जरिये उपपंजीयक नागौर। ... प्रार्थी

बनाम

1. श्री मोहनलाल पुत्र स्व. श्री हुक्माराम जी,
निवासी पुराने बिजली घर के पास, भार्गव मौहल्ला,
शनिचर जी के मंदिर के पीछे, नागौर।
2. श्री अमरलाल पुत्र स्व. श्री हुक्माराम जी,
निवासी पुराने बिजली घर के पास, भार्गव मौहल्ला,
शनिचर जी के मंदिर के पीछे, नागौर। ...अप्रार्थीगण

**एकलपीठ**

**श्री नत्थूराम, सदस्य**

**उपस्थित : :**

श्री आर.के.अजमेरा
उप–राजकीय अभिभाषक ....प्रार्थी की ओर से

श्री रोहित सोनी
अभिभाषक ....अप्रार्थी सं. 1 व 2 की ओर से

**निर्णय दिनांक : 16.07.2017**

## निर्णय

1. यह निगरानी प्रार्थी द्वारा विद्वान कलक्टर (मुद्रांक) अजमेर (जिसे आगे **'कलक्टर'** कहा गया है) के आदेश दिनांक 19.08.2015 प्रकरण संख्या 586 / 2012 के विरूद्ध राजस्थान मुद्रांक अधिनियम, 1998 (जिसे आगे **'मुद्रांक अधिनियम'** कहा गया है) की धारा 65 के अन्तर्गत प्रस्तुत की गई है, जिसमें अधीनस्थ न्यायालय ने उपपंजीयक नागौर द्वारा प्रस्तुत रेफरेन्स को खारिज किया गया है।

2. प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि अप्रार्थीगण द्वारा एक पारिवारिक बटवारा नामा आवासीय सम्पत्ति का दिनांक 07.10.2011 को पंजीयन वास्ते उप पंजीयक, नागौर के समक्ष प्रस्तुत किया जिससे उप पंजीयक द्वारा दस्तावेज की मालियत 2,92,608 / –रू मानते हुए दस्तावेज बटवारा नामा पंजीयन कर अप्रार्थीगण को लौटा दिया गया। तत्पश्चात् महालेखाकार निरीक्षक दल द्वारा उक्त बटवारा नामा पर मुद्रांक अधिनियम की धारा 42 के अनुसार एक बडे भू–भाग को छोडकर शेष भाग पर कन्वेन्स की दर से मुद्रांक शुल्क नहीं लेने से 93,534 / – रू. की कर अपवंचना से आक्षेपित किया गया। तत्पश्चात् उप पंजीयक द्वारा मुद्रांक वसूली वास्ते अप्रार्थीगण को मुंद्राक अधिनियम की धारा 54 के अन्तर्गत राशि जमा कराने वास्ते नोटिस

लगातार.........2

जारी किया गया। अप्रार्थीगण द्वारा राशि जमा नहीं कराने पर उपपंजीयक द्वारा प्रकरण वसूली हेतु अधीनस्थ न्यायालय में प्रेषित किया। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थी संख्या 1 मोहनलाल ने कलक्टर मुद्रांक के यहा जवाब प्रस्तुत किया। अधीनस्थ न्यायालय ने अपने निगरानीधीन निर्णय द्वारा यह अवधारित किया है कि प्रकरण में अधिसूचना दिनांक 09.07.1998 के अनुसार अधिकतम 10,000/– मुद्रांक कर व सम्पत्ति की मालियत 2,92,608/– रू. पर 1 प्रतिशत की दर से पंजीयन शुल्क 10,000/– वसूल किये गये है जो विधिसम्मत है तथा इस आधार पर अधीनस्थ न्यायालय ने रेफरेन्स खारिज किया है जिसके विरूद्व राज्य पक्ष की ओर से यह निगरानी प्रस्तुत हुई है।

3. निगरानी दर्ज की जाकर रिकार्ड व अप्रार्थीगण को तलब किया गया। अप्रार्थीगण सं. 1 व 2 की ओर से उनके विद्वान अभिभाषक उपस्थित आये।

4. बहस विद्वान अभिभाषक उभयपक्ष सुनी गई।

5. विद्वान उप–राजकीय अभिभाषक ने कथन किया कि राजस्थान मुद्रांक अधिनियम 1998 की धारा 2 (xx) में विभाजन–पत्र (Partition Deed) को परिभाषित किया गया है। अधिनियम की अनुसूची के आर्टीकल–42 के अनुसार विभाजन पत्र पर सम्पत्ति के एक सबसे बडे हिस्से को छोडकर शेष अलग हुये हिस्से/हिस्सों पर कन्वेन्स की दर से मुद्रांक कर प्रभार्य है। प्रश्नगत दस्तावेज के द्वारा विभाजन–पत्र के माध्यम से अचल सम्पत्ति विभिन्न बटवाराकर्ताओं के मध्य विभाजन किया गया है जिसमें सम्पत्ति का वास्तविक कब्जा स्वामित्व एवं अधिकारी हस्तान्तरित हुआ है। अतः उक्त आर्टीकल–42 की अनुपालना करते हुये कन्वेन्स की दर से मुद्रांक कर प्रभार्य है जिसके आधार पर प्रस्तुत रेफरेन्स को स्वीकार किया जाना चाहिए था। अधीनस्थ न्यायालय का निर्णय विधिसम्मत नहीं है। अतः निगरानी स्वीकार की जाकर रेफरेन्स स्वीकार किया जावे।

5. विद्वान अभिभाषक प्रार्थी की ओर से अप्रर्थी ने उपस्थित होकर निवेदन किया कि दिनांक 07.10.2011 को हम दोनों भाईयों के मध्य में जिस सम्पत्ति का बंटवारा रजिस्टर्ड कराया गया है वह सम्पत्ति हमारी पेरेन्टल प्रोपर्टी है अर्थात हमारे स्व. पिताजी श्री हुक्माराम जी द्वारा खरीदशुदा है। उनकी मृत्यु दिनांक 13.05.1985 को हो चुकी है जिसका प्रमाण–पत्र संलग्न है। उक्त सम्पत्ति पैतृक सम्पत्ति है जिसके संबंध पट्टे की प्रति संलग्न है जिसमें पट्टा हमारे पिताजी श्री हुक्माराम के नाम अंकित है। अधिसूचना दिनांक 09.07.1998 के अनुसार पैतृक सम्पत्ति के विभाजन पर अधिकतम

am

लगातार.........3

